**निविदा संख्या: 465/VII-4/2026-27** **दिनांक : 19.06.2026**

# कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश आपूर्ति अनुबंध

# हेतु

# निविदा आमंत्रण सूचना

*****

NOTICE INVITING TENDER (NIT)

For

Work Contract of Attire (Including Fabric and Stitching)

*****

**होटल प्रबंधन संस्थान, लखनऊ**

**पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय**

**Institute of Hotel Management, Lucknow**

**An autonomous body under Ministry of Tourism, Government of India**


Sector-G, Aliganj, Lucknow–226024, Uttar Pradseh (INDIA)

Tel: 0522–4077415

e-mail: ihmlucknow@gmail.com website: www.ihmlucknow.com

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, लखनऊ में शैक्षणिक सत्र 2026–27 हेतु होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्रछात्राओं के लिए-**कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश आपूर्ति कार्य** के लिए पात्र निविदादाताओं से **दो-(तकनीकी एवं वित्तीय बोली) निविदा प्रणाली** के अंतर्गत सीलबंद निविदाएँ दिनांक **04 जुलाई, 2026** को सायं **04:00 बजे** तक, निम्नलिखित नियमों एवं शर्तों के अधीन आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| • | **कार्य/आपूर्ति का नाम** | : | कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश आपूर्ति कार्य |
| • | **अनुमानित वार्षिक आपूर्ति मूल्य** | : | ₹20,00,000/- प्रति वर्ष। |
| • | **निविदा शुल्क (गैर-वापसी योग्य)** | : | ₹3,000/- (डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक के रूप में)। |
| • | **बयाना राशि (EMD)** | : | ₹60,000/- (अनुमानित आपूर्ति मूल्य का 3%) डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक के रूप में, जो वापसी योग्य होगी अथवा सुरक्षा निधि में समायोजित की जा सकेगी। |
| • | **सुरक्षा निधि (केवल सफल निविदाकार से)** | : | ₹1,00,000/- (कुल अनुमानित आपूर्ति मूल्य का 5%) टी.डी.आर./बैंक गारंटी/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में। |
| • | **निविदा जारी करने की तिथि** | : | 19/06/2026 |
| • | **ई.एम.डी. एवं निविदा जमा करने का स्थान** | : | प्रधानाचार्य, होटल प्रबंधन, खानपान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार - संस्थान, लखनऊ, उत्तर प्रदेश। 226024 |
| • | **निविदा खोलने की तिथि एवं समय** | : | 06/07/2026, अपराह्न 02:30 बजे |
| • | **निविदा जमा करने का स्थान** | : | प्रधानाचार्य, होटल प्रबंधन, खानपान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार - संस्थान, लखनऊ, उत्तर प्रदेश। 226024 |
| • | **आपूर्ति का स्थान** | : | प्रधानाचार्य, होटल प्रबंधन, खानपान प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार - संस्थान, लखनऊ, उत्तर प्रदेश। 226024 |
| • | **अनुबंध अवधि** | : | 01वर्ष + 01वर्ष + 01वर्ष (संतोषजनक कार्य-निष्पादनकेआधार पर नवीनीकरण किया जाएगा।अधिकतम 5% मूल्य वृद्धि प्रत्येक वर्ष)। |
| • | **दोष दायित्व अवधि (Defects Liability Period)** | : | गणवेश सफल आपूर्ति के पश्चात 06 माह (आवश्यकतानुसार मरम्मत अथवा प्रतिस्थापन सहित)। |
| • | **विलंबित आपूर्ति पर दंड (Late Delivery Penalty)** | : | कार्यादेश के कुल मूल्य का 1% प्रति सप्ताह (आपूर्ति समय कार्यआदेशानुसार रहेगा) |
| • | **प्री बिड मीटिंग** | : | 29/06/2026 पूर्वाह्न 11:00 बजे |
| • | **प्रत्येक वस्तु हेतु कपड़े के नमूने** | : | निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व पत्येक मद (Item) के लिए लगभग 6 × 6 इंच आकार का कपड़े का नमूना संस्थान कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। |

**ह०/-**

**प्रधानाचार्य**

**होटल प्रबंधन संस्थान लखनऊ**



## नियम/शर्ते

**1 .** निविदा प्रपत्र संस्थान की वेबसाइट www.ihmlucknow.com से डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्णतः भरे हुए निविदा प्रपत्र को समस्त आवश्यक अभिलेखों सहित, विधिवत हस्ताक्षरित एवं मुहरबंद कर, संस्थान कार्यालय में **दिनांक 04 जुलाई 2026 को सायं 04:00 बजे तक** टेंडर बॉक्स में जमा कराना अनिवार्य होगा।

**2.** निविदादाता द्वारा **तकनीकी निविदा (Technical Bid)** एवं **वित्तीय निविदा (Financial Bid)** पृथक-पृथक सीलबंद लिफाफों में प्रस्तुत की जाएगी। प्रत्येक लिफाफे पर क्रमशः **"तकनीकी निविदा"** एवं **"वित्तीय निविदा"** स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। तत्पश्चात दोनों सीलबंद लिफाफों को एक बड़े सीलबंद लिफाफे में रखकर, निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व संस्थान कार्यालय के टेंडर बॉक्स में जमा कराना अनिवार्य होगा।

**3.** *(यदि लागू हो)* पूर्व में जारी किसी निविदा के अंतर्गत जमा किए गए समस्त निविदा प्रपत्र निरस्त माने जाएंगे। अतः इच्छुक निविदादाताओं को इस संशोधित निविदा के अंतर्गत नए सिरे से निविदा प्रपत्र निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व टेंडर बॉक्स में जमा कराना अनिवार्य होगा।

**4.** प्राप्त निविदाओं की **तकनीकी निविदा (Technical Bid) दिनांक 06 जुलाई 2026 को अपराह्न 02:30 बजे** निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। वित्तीय निविदा केवल तकनीकी रूप से अर्ह (Technically Qualified) पाए गए निविदादाताओं की ही खोली जाएगी, जिसकी तिथि एवं समय पृथक से सूचित किया जाएगा। निविदाओं का खोला जाना निविदादाताओं की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति, दोनों ही परिस्थितियों में मान्य होगा।

**5.** निविदादाता फर्म/संस्था का विधिवत पंजीकृत होना अनिवार्य है। इसके समर्थन में फर्म/संस्था के पंजीकरण प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित प्रति तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**6.** निविदादाता फर्म/संस्था का वैध जी.एस.टी. पंजीकरण होना अनिवार्य है। इसके समर्थन में जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित प्रति तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**7.** फर्म/टेलर को किसी शासकीय, अर्ध-शासकीय अथवा निजी शिक्षण संस्थान में होटल मैनेजमेंट के कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश आपूर्ति कार्य का कम से कम 03वर्ष का अनुभव होना चाहिए। व पिछले तीन वर्षों के दौरान प्राप्त औसत ऑर्डर मूल्य कम से कम ₹7,00,000/- (रुपये सात लाख मात्र) होना चाहिए। इसके समर्थन में संबंधित संस्थान द्वारा जारी कार्यादेश, अनुबंध-पत्र अथवा अनुभव प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित प्रति तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**8.** निविदादाता फर्म/संस्था का पिछले तीन वित्तीय वर्षों में औसत न्यूनतम वार्षिक कारोबार (Annual Turnover) ₹10,00,000/- (रुपये दस लाख मात्र) होना चाहिए। इसके समर्थन में चार्टर्ड अकाउंटेंट (CA) द्वारा प्रमाणित प्रमाणपत्र अथवा लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण (Audited Financial Statements) की स्वप्रमाणित प्रति तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**9.** निविदादाता को **₹60,000/- (रुपये साठ हजार मात्र)** की **अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD)** तथा **₹3,000/- (रुपये तीन हजार मात्र)** का **निविदा शुल्क (Tender Fee)** डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक के माध्यम से जमा करना होगा। ई.एम.डी. एवं निविदा शुल्क से संबंधित डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक की **मूल प्रति (Original Copy)**, **"Principal, IHM Lucknow"** के पक्ष में, **लखनऊ में देय (Payable at Lucknow)** होकर, तकनीकी निविदा (Technical Bid) के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

साथ ही, सभी निविदादाता फर्म/टेलर को **₹1,00,000/- (रुपये एक लाख मात्र)** की **सुरक्षा निधि/परफॉरमेंस सिक्योरिटी (Performance Security)** जमा करने तथा निविदा की समस्त शर्तों एवं नियमों का पालन करने एवं संस्थान के साथ अनुबंध निष्पादित करने की सहमति के संबंध में अपने लेटरहेड पर **Annexure–A** के प्रारूप में विधिवत हस्ताक्षरित घोषणा-पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा कि यदि उसे **L-1/सफल निविदादाता** घोषित किया जाता है, तो वह निर्धारित अवधि में उक्त सुरक्षा निधि जमा करेगा तथा निविदा की समस्त शर्तों एवं नियमों का पूर्णतः पालन करेगा। निर्धारित तिथि एवं समय तक मूल प्रति प्राप्त न होने की स्थिति में संबंधित निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

**10.** निविदादाता फर्म/संस्था राज्य सरकार, केंद्र सरकार अथवा किसी अन्य सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम द्वारा ब्लैकलिस्टेड अथवा प्रतिबंधित नहीं होनी चाहिए। इसके समर्थन में निविदादाता को अपने लेटरहेड पर Annexure–B के प्रारूप में विधिवत हस्ताक्षरित घोषणा-पत्र तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**11.** निविदा पर हस्ताक्षर करने एवं उसे प्रस्तुत करने वाला व्यक्ति संबंधित फर्म/संस्था का विधिवत अधिकृत प्रतिनिधि होना चाहिए। इसके समर्थन में निविदादाता को अपने लेटरहेड पर **Annexure–C** के प्रारूप में विधिवत हस्ताक्षरित घोषणा-पत्र/प्राधिकरण-पत्र तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

**12.** निविदादाता द्वारा **वित्तीय निविदा प्रपत्र (Annexure–D)** में प्रत्येक मद/आइटम की दर निर्धारित स्थान पर पृथक-पृथक अंकित करना अनिवार्य होगा। उद्धृत दरें प्रचलित बाजार दरों के अनुरूप, युक्तिसंगत एवं प्रतिस्पर्धात्मक होनी चाहिए तथा अत्यधिक अथवा मनमाने ढंग से उद्धृत नहीं की जानी चाहिए। यदि किसी मद/आइटम के लिए उद्धृत दरें प्रचलित बाजार दरों की तुलना में अत्यधिक अथवा अव्यावहारिक पाई जाती हैं, तो संस्थान द्वारा आवश्यकतानुसार दरों पर **वार्ता (Negotiation)** की जा सकती है अथवा संबंधित वित्तीय निविदा को पूर्णतः या आंशिक रूप से निरस्त/अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में संस्थान का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**13.** वित्तीय निविदा प्रपत्र **(Annexure–D)** में प्रत्येक मद/आइटम की दर निर्धारित स्थान पर स्पष्ट एवं पठनीय रूप से अंकित की जानी चाहिए। वित्तीय निविदा में किसी प्रकार की त्रुटि, अपूर्ण जानकारी, काट-छाँट अथवा असंगति पाए जाने की स्थिति में संस्थान का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। निविदादाता द्वारा वित्तीय निविदा प्रपत्र में अंकित एवं हस्ताक्षरित दरें ही अंतिम एवं मान्य मानी जाएंगी।

**14.** वित्तीय बोली में उद्धृत दरें सभी प्रकार के करों (Taxes), जी.एस.टी. (GST), शुल्क, परिवहन, पैकिंग, लोडिंग-अनलोडिंग तथा आपूर्ति से संबंधित अन्य सभी व्ययों सहित दर्शाई जानी चाहिए। वित्तीय बोली प्रस्तुत किए जाने के पश्चात किसी भी अतिरिक्त राशि अथवा व्यय के संबंध में पृथक से कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**15.** केवल तकनीकी रूप से अर्ह (Technically Qualified) पाए गए निविदादाताओं की वित्तीय निविदा ही निविदा समिति के समक्ष निर्धारित तिथि एवं समय पर खोली एवं मूल्यांकित की जाएगी। वित्तीय निविदाओं के मूल्यांकन के उपरांत न्यूनतम दर (L-1) प्रस्तुत करने वाले पात्र निविदादाता का निर्धारण संस्थान के प्रचलित नियमों एवं निविदा की शर्तों के अनुसार किया जाएगा। सफल निविदादाता को संस्थान द्वारा विधिवत सूचना प्रदान की जाएगी। इस संबंध में असफल निविदादाताओं के साथ पृथक से कोई पत्राचार करना संस्थान के लिए बाध्यकारी नहीं होगा।

**16.** सफल निविदादाता को कार्यादेश/निविदा स्वीकृति जारी होने की तिथि से **10 (दस) दिवस** के भीतर **₹1,00,000/- (रुपये एक लाख मात्र)** की **सुरक्षा निधि/परफॉरमेंस सिक्योरिटी** बैंक गारंटी, बैंक ड्राफ्ट अथवा सावधि जमा रसीद (TDR/FDR) के रूप में संस्थान में जमा करानी होगी। उक्त सुरक्षा निधि/परफॉरमेंस सिक्योरिटी की वैधता **अनुबंध अवधि (एक वर्ष) समाप्त होने के पश्चात भी न्यूनतम 60 (साठ) दिनों** तक होना अनिवार्य होगा। यह राशि अनुबंध की संपूर्ण अवधि तक संस्थान के पास जमा रहेगी तथा इस पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

**17.** सफल निविदादाता को कार्यादेश/निविदा स्वीकृति जारी होने के पश्चात ₹100/- (रुपये एक सौ मात्र) के नॉन-ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर संस्थान के साथ विधिवत अनुबंध निष्पादित करना होगा। अनुबंध के निष्पादन एवं नोटरीकरण से संबंधित समस्त व्यय सफल निविदादाता द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा। अनुबंध की प्रारंभिक अवधि **01 (एक) वर्ष** होगी, जिसे कार्य निष्पादन संतोषजनक पाए जाने पर संस्थान के विवेकाधिकार से अधिकतम **02 (दो) वर्ष** की अतिरिक्त अवधि हेतु, वर्ष-दर-वर्ष के आधार पर, बढ़ाया जा सकेगा। प्रथम वर्ष के लिए स्वीकृत दरें यथावत रहेंगी तथा अनुबंध अवधि बढ़ाए जाने की स्थिति में प्रति वर्ष अधिकतम **05% (पाँच प्रतिशत)** की वृद्धि अनुमन्य होगी।

**18.** यदि सफल निविदादाता द्वारा निविदा स्वीकृति/कार्यादेश जारी होने के पश्चात निर्धारित अवधि के भीतर अनुबंध निष्पादित नहीं किया जाता अथवा निर्धारित सुरक्षा निधि/परफॉरमेंस सिक्योरिटी जमा नहीं की जाती है, तो उसकी निविदा निरस्त कर दी जाएगी। ऐसी स्थिति में संस्थान को प्रचलित खरीद नियमों के अनुसार अगले पात्र निविदादाता पर विचार करने अथवा पुनः निविदा प्रक्रिया प्रारंभ करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**19.** सफल निविदादाता (L-1) को स्वीकृत यूनिट/आइटम दरों के अनुसार कार्यादेश (Work Order) जारी किया जाएगा। कार्यादेश प्राप्त होने के पश्चात सफल निविदादाता को स्वीकृति हेतु एक सेट गणवेश का नमूना संस्थान में प्रस्तुत करना होगा। संस्थान द्वारा स्वीकृत नमूने के अनुरूप ही छात्र-छात्राओं के लिए कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश आपूर्ति की जाएगी। यदि प्रदत्त सामग्री स्वीकृत नमूने अथवा निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो संबंधित सामग्री अस्वीकार कर दी जाएगी तथा उसका भुगतान देय नहीं होगा। अस्वीकृत सामग्री को निविदादाता को अपने स्वयं के व्यय पर तत्काल वापस लेना होगा; अन्यथा ₹500/- (रुपये पाँच सौ मात्र) प्रतिदिन की दर से अर्थदंड देय होगा।

**20.** सफल निविदादाता को कार्यादेश में स्वीकृत दरों के अनुसार कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश तैयार करने हेतु अपने स्वयं के व्यय पर संस्थान में उपस्थित होकर छात्र/छात्राओं की नाप लेने की व्यवस्था करनी होगी। नाप स्वीकृत नमूने एवं निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप ली जाएगी तथा प्रत्येक छात्र/छात्रा को नाप प्राप्ति की रसीद प्रदान की जाएगी। नाप लिए जाने की तिथि से अधिकतम **15 (पंद्रह) दिवस** के भीतर संबंधित छात्र/छात्रा को कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

**21.** सफल निविदादाता को कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश का वितरण अपने स्वयं के व्यय पर संस्थान परिसर में उपस्थित होकर करना होगा। वितरित गणवेश की प्राप्ति रसीद/स्वीकृति संबंधित छात्र-छात्राओं से प्राप्त करना निविदादाता की जिम्मेदारी होगी। वितरण के दौरान छात्र-छात्राओं तथा संस्थान के अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ शिष्ट एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार बनाए रखना अनिवार्य होगा। किसी प्रकार की शिकायत, अनुचित व्यवहार अथवा सेवा में गंभीर अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संस्थान को कार्यादेश/अनुबंध निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**22.** सफल निविदादाता द्वारा कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश आपूर्ति कार्य से संबंधित नाप, वितरण एवं प्राप्ति का समुचित अभिलेख गणवेश्या वितरण की तिथि से न्यूनतम **06 (छह) माह** की अवधि तक सुरक्षित रखा जाएगा। उक्त अवधि के दौरान आवश्यकता होने पर कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश में आवश्यक सुधार/संशोधन किया जाएगा। यदि सुधार/संशोधन संभव न हो, तो संबंधित गणवेश का प्रतिस्थापन (Replacement) निविदादाता द्वारा बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के किया जाएगा।

**23.** निविदा में उल्लिखित वार्षिक अनुमानित आपूर्ति मूल्य/मात्रा में संस्थान की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार वृद्धि अथवा कमी की जा सकती है, जिसके संबंध में निविदादाता द्वारा कोई अतिरिक्त दावा स्वीकार्य नहीं होगा। सफल निविदादाता को कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश निर्माण में प्रयुक्त कपड़े एवं अन्य सामग्री के नमूने तथा तैयार गणवेश का नमूना संस्थान के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। संस्थान द्वारा अनुमोदित नमूनों के अनुरूप ही आपूर्ति की जाएगी।

**24.** सफलतापूर्वक गणवेश आपूर्ति एवं वितरण के पश्चात संबंधित फर्म/टेलर द्वारा छात्र-छात्राओं को वितरित की गई सामग्री की प्राप्ति रसीदों की प्रतियां बिल/इनवॉइस के साथ संलग्न कर भुगतान हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। विधिवत बिल/इनवॉइस प्रस्तुत करने के उपरांत संबंधित फर्म/टेलर के बैंक खाते में नियमानुसार ऑनलाइन भुगतान किया जाएगा।

**25.** किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताए स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/संस्थान के पास सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में अधोहस्ताक्षरी/संस्थान का निर्णय अंतिम एवं सभी निविदादाताओं पर बाध्यकारी होगा।

**26.** इस निविदा/अनुबंध से उत्पन्न होने वाले समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ स्थित सक्षम न्यायालयों के क्षेत्राधिकार के अधीन होगा। इस संबंध में केवल लखनऊ स्थित सक्षम न्यायालयों का क्षेत्राधिकार ही मान्य होगा।

**27.** भुगतान नियमानुसार किया जाएगा तथा लागू नियमों के अनुसार स्रोत पर कर TDS की कटौती प्रचलित आयकर अधिनियम एवं सरकारी निर्देशों के अनुसार की जाएगी।

**28.** सफल निविदादाता द्वारा पैंट, कोट, शर्ट, टाई, शेफ कोट, मोजे, कैप एवं वेस्टकोट का प्रत्येक का एक-एक नमूना (Sample) विधिवत रूप से प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**29.** निविदादाता द्वारा प्रस्तुत बोली निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि से **90 (नब्बे) दिनों** तक वैध रहेगी। इस अवधि के दौरान निविदादाता अपनी बोली वापस नहीं ले सकेगा तथा उसमें किसी प्रकार का संशोधन नहीं करेगा।

**ह०/-**
**प्रधानाचार्य**
**होटल प्रबंधन संस्थान लखनऊ**

**तकनीकी निविदा के साथ प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक परिशिष्ट का विवरण:**

a) परिशिष्ट-A : निविदा शुल्क एवं ई.एम.डी. (EMD) जमा करने के संबंध में घोषणा पत्र तथा सफल निविदाकार घोषित होने की स्थिति में सुरक्षा निधि (Performance Security) जमा करने एवं अनुबंध निष्पादन के संबंध में स्वीकृति/उपक्रम (Undertaking)।

b) परिशिष्ट-B : यह घोषणा पत्र कि निविदाकार को किसी भी राज्य सरकार/केंद्र सरकार अथवा किसी सार्वजनिक उपक्रम (PSU) द्वारा ब्लैकलिस्टेड नहीं किया गया है।

c) परिशिष्ट-C : अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के संबंध में घोषणा।

**वित्तीय निविदा के साथ प्रस्तुत करने के लिए आवश्यक परिशिष्ट का विवरण:**

d) **परिशिष्ट-D** : वित्तीय निविदा/दर सूची (Rate List) – निर्धारित प्रारूप (Excel Sheet/BOQ)में।

**Check list of Documents in support of Financial/technical qualification.**

| S. No. | Name of Document | Status (Yes/NO) |
|---|---|---|
| 1 | Address Proof of Firm/Proprietor (Aadhar Card / Driving License / Domicile Certificate) | |
| 2 | Firm Registration Certificate (copy to be attached) | |
| 3 | GST Registration Certificate (copy to be attached) | |
| 4 | PAN Card of Firm/Proprietor (copy to be attached) | |
| 5 | Tender Fee: ₹3,000/- (Demand Draft/Banker Cheque – the original copy must be submitted to the Institute's office on or before the last date and time of submission of the tender) | |
| 6 | EMD Declaration & Undertaking for submission of Performance Security and Contract Agreement (Annexure–A) – EMD has already been submitted to the Institute's office within the stipulated time. | |
| 7 | Declaration for Non-Blacklisting by any State/Central Government/PSU (Annexure–B) | |
| 8 | Authorization Letter of Signatory (Annexure–C) | |
| 9 | Proof of Minimum 03 Years Experience in Supply of Ready-to-Wear Attire to Govt./PSU/Private Institutions (minimum order value ₹7,00,000/-) | |
| 10 | Annual Turnover Certificate (minimum ₹10,00,000/-), certified by Chartered Accountant | |
| 11 | Financial Bid / Rate List (Annexure–D) | |
| 12 | Sample of Cloth Material (approx. 6x6 inch) for each item | |

*(निविदाकर्ता के लेटरहेड पर)*

सेवामें,
प्रधानाचार्य
होटल प्रबंधन, खान पान प्रौद्योगिकी
एवं अनुप्रयुक्त पोषाहार संस्थान,
लखनऊउ0प्र0 ।

विषय : ई एम डी जमा, सुरक्षा निधि एवं अनुबंध निष्पादन संबंधी उपक्रम

महोदय,

मैं/हम एतद् द्वारा निवेदन करते हैं कि विद्यार्थियों हेतु तैयार गणवेश (कपड़ा एवं सिलाई सहित) की आपूर्ति के संबंध में जारी निविदा दस्तावेज में उल्लिखित समस्त नियमों एवं शर्तों को भली-भांति पढ़कर पूर्णतः स्वीकार करते हैं तथा उनसे सहमत हैं। मैं/हम यह भी पुष्टि करते हैं कि निविदा दस्तावेज के सभी पृष्ठों पर मेरे/हमारे द्वारा विधिवत हस्ताक्षर किए गए हैं तथा जहाँ आवश्यक है वहाँ अधिकृत व्यक्ति की मुहर अंकित की गई है।

मैं/हमने ₹60,000/- (रुपये साठ हजार मात्र) की राशि डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक क्रमांक __________ दिनांक __________, देय स्थान लखनऊ में "**Principal, IHM Lucknow**" के पक्ष में एर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (EMD)/बिड सुरक्षा के रूप में जमा की है, जिसकी प्रति संलग्न है।

मैं/हम यह समझते हैं कि एर्नेस्ट मनी/बयाना राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। यदि मैं/हम संस्थान द्वारा जारी किसी भी निर्देश का पालन नहीं करते हैं अथवा आवश्यक दस्तावेज/सुरक्षा निधि निर्धारित समय में प्रस्तुत नहीं करते हैं, तो उक्त राशि संस्थान द्वारा जब्त (Forfeit) की जा सकती है।

मैं/हम यह भी उपक्रम (Undertaking) देते हैं कि यदि मेरी/हमारी फर्म सफल निविदाकार घोषित होती है, तो मैं/हम संस्थान के साथ विधिवत अनुबंध निष्पादित करेंगे तथा ₹1,00,000/- (रुपये एक लाख मात्र) की सुरक्षा निधि/परफॉरमेंस सिक्योरिटी टी.डी.आर./बैंक गारंटी के रूप में जमा करेंगे।

जमा की गई एर्नेस्ट मनी/बयाना राशि को (सफल निविदा की स्थिति में) सुरक्षा निधि में समायोजित किया जा सकता है अथवा (असफल निविदा की स्थिति में) मुझे/हमें वापस किया जा सकता है, बशर्ते कि उक्त राशि या उसका कोई भाग जब्त न किया गया हो।

**दिनांक:** ______________________
**नाम और पूरा पता** (ब्लॉक अक्षरों में): ______________________________
**दूरभाष संख्या:** ______________________________________________
**मोबाइल नंबर:** ______________________________________________
**ईमेल पता:** ________________________________________________

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर
(मुहर सहित)

**परिशिष्ट-B**

*(निविदाकर्ता के लेटरहेड पर)*

**प्रतिज्ञा पत्र**

मैं/हम ____________________________________________
एतद् द्वारा यह घोषित/प्रतिज्ञा करते हैं कि विद्यार्थियों हेतु कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश आपूर्ति कार्यके संबंध में जारी निविदा के अंतर्गत निविदा दस्तावेज में उल्लिखित सभी नियमों एवं शर्तों को मैंने/हमने भली-भांति पढ़ लिया है तथा उनका पूर्णतः पालन करने का वचन देता/देते हैं।

मैं/हम यह भी सत्यापित करते हैं कि मैं/हम अथवा हमारी फर्म/संस्था को किसी भी **केंद्रीय सरकार/राज्य सरकार/सरकारी विभाग/सार्वजनिक उपक्रम (PSU)** द्वारा वर्तमान में ब्लैकलिस्टेड/प्रतिबंधित (Blacklisted/Debarred) नहीं किया गया है।

यदि भविष्य में यह पाया जाता है कि मेरे/हमारे द्वारा दी गई यह घोषणा असत्य या भ्रामक है, तो संस्थान को मेरी/हमारी निविदा निरस्त करने तथा विधि अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**दिनांक:** ______

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर (मुहर सहित)**

**परिशिष्ट-C**

*(निविदाकर्ता के लेटरहेड पर)*

**घोषणा-पत्र-निर्दिष्ट हस्ताक्षरी**

मैं, श्री/श्रीमती ......................................, श्री ...................... के पुत्र/पुत्री/पत्नी, फर्म/संस्था ______________________ का स्वामी/अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता, यह घोषणा करता/करती हूँ कि मैं इस निविदा दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने एवं इसे निष्पादित करने हेतु विधिवत अधिकृत एवं सक्षम हूँ।

मैं/हम यह भी घोषणा करते हैं कि विद्यार्थियों हेतु कपड़ा एवं सिलाई सहित तैयार गणवेश आपूर्ति कार्यके संबंध में जारी निविदा के अंतर्गत सभी नियमों एवं शर्तों को मैंने/हमने ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है तथा उनका पूर्णतः पालन करने का वचन देता/देते हैं।

मैं/हम यह प्रमाणित करते हैं कि इस निविदा के साथ प्रस्तुत समस्त सूचनाएँ एवं दस्तावेज मेरे/हमारे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य, सही एवं प्रामाणिक हैं।

मैं/हम यह भली-भांति जानते हैं कि यदि किसी भी स्तर पर मेरे/हमारे द्वारा दी गई जानकारी असत्य/भ्रामक पाई जाती है अथवा कोई फर्जी/कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत किया जाता है, तो मेरी/हमारी निविदा किसी भी चरण में निरस्त की जा सकती है तथा मेरे/हमारे विरुद्ध प्रचलित विधि के अनुसार विधिक कार्रवाई की जा सकती है।

**अधिकृत व्यक्ति का हस्ताक्षर** **सील**

**पूरा नाम:** ..................................................................

**तारीख:** ______

**स्थान:** ______

**Note:** The fabric for all applicable attire items shall be **Polyester–Viscose (Fabric Composition) blend in the ratio of (65% + or - 3% Polyester and Remainder Viscose)**. No deviation in fabric composition shall be accepted without prior approval of the Institute.

| Description | Brand / Quality | Your Quote (₹) |
|---|---|---|
| Black Trouser (Matte finish) | Siyaram, Raymond, Vimal, Bombay Deying, Donear | |
| White Shirt with Logo | Siyaram, Raymond, Vimal, Bombay Deying, Donear | |
| Black Coat/Blazer (Matte finish) with Logo | Siyaram, Raymond, Vimal, Bombay Deying, Donear | |
| Jacket / Waist Coat Black(Matte finish) with Logo | Siyaram, Raymond, Vimal, Bombay Deying, Donear | |
| Black Tie with logo (Good Quality) (Matte finish) | Good Quality | |
| Bow Black | Good Quality | |
| Trouser white and black (Matte finish) Small checkered | Siyaram, Raymond, Vimal, Bombay Deying, Donear | |
| Chef coat with a C-lining and a side pocket | Siyaram, Raymond, Vimal, Bombay Deying, Donear | |
| Scarf / Chef Neck Tie (Coloured) | Good Quality | |
| Half Apron with Logo | Siyaram, Raymond, Vimal, Bombay Deying, Donear | |
| Full Apron with Logo | Siyaram, Raymond, Vimal, Bombay Deying, Donear | |
| White Lab Coat with Logo | Siyaram, Raymond, Vimal, Bombay Deying, Donear | |
| White Chef Cap with Logo | Good Quality | |
| Saree - Semi Crepe/Butter Silk | Good Quality | |
| Serviette 12”*12” | Good Quality | |
| Cotton Socks | Good Quality | |
| Duster Kitchen | Good Quality | |